## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# प्रकृति के कहर के आगे बेबस जिंदगियां,इनकी सुध कौन लेगा!

**दर्द**

## लुम्ती व मौरी गांव में भयावह व रौगटे खडे करने वाला बना माहौल

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। आपदा प्रभावित बंगापानी के लुम्ती व मौरी गांव में स्थितियां बेहद खराब हो चुकी है। गौरतलब है कि बंगापानी के गांव तल्ला मौरी में 28 जुलाई की आपदा ने सब कुछ तबाह करके रख दिया है। मौत के मुंह से बाहर निकले ग्प्रमीण टेटों में डरें सहमें से बैठे है। वही सभी प्रभावितों को मल्ला मौरी में शिफ्ट किया गया है। यह हाल हुआ है तहसील बंगापानी के गोरीछाल के बरम न्याय पंचायत के अंर्तगत तल्ला मौरी व तल्ला लुम्ती का। गांवों में हुई भीषण आपदा के चलते तहसील बंगापानी के लुम्ती व मौरी गांव तक पहुंच पाना संभव नही हो पा रहा है।

आपदा के चार दिन बीत चुकने के बाद राज्य सरकार द्वारा अब तक प्रभावितों की मदद व सुध लिये जाने की वजह से गांव के लोग बेहद नाराज होने के साथ सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने को तैयार हो चुके है। आपदा प्रभावित लुम्ती व मौरी बांसबगड धामीगांव



बगीचाबगड सहित सभी स्थानों पर अभी जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त है। जानकारी के मुताबिक पदम सिह परिहार,जितेंद्र सिह,मोहन सिह,पदम सिंह,दलीप सिंह,धरम सिंह, राजेन्द्र सिह,जौहार सिंह और पूरन सिंह आदि के मकान 28 जुलाई को आई आपदा में मलबे में दब गये। अब तक क्षेत्र के गांवों के प्रभावितों को राज्य सरकार द्वारा कोई मदद नही मिल पाई है। एक ओर इन गावों में राहत बचाव के लिए एनडीआरफ सेना व अन्य टीमें लगी हुई हैं। वही दूसरी ओर आपदा प्रभावित गांवों की सौ साल की सूरमा देवी,मोतिमा देवी उम्र पचपन साल और खिमुली देवी उम्र छप्पन साल बीमार पड़े कराह रहे है। उनके उपचार की अब तक कोई व्यवस्था नही हो पाई है। वही गांव की पुष्पा देवी और राधा देवी गर्भवती है और उनके प्रसव की तिथि एकदम करीब है। बता दें कि इन गांवों के इन प्रभावितों के घर आंगन खेत व सामान बह जाने के कारण उनके पास कुछ नही बचा है।

आलम तो यह है कि लुम्ती गांव के पुूर्व प्रधान त्रिलोक सिंह,नंदन सिह व भूपेंन्द्र सिह के मकान पूरी तरह से मलबे से भरे पड़े है। आपदा से पूर्व की तैयारियों को लेकर बड़े ही जोर शोर से अमलीय जामा पहनाया जाता है मगर वही दूसरी ओर आपदा आते ही सारी पोल खुल जाती है। जहां आपदा के नाम पर धन की बंदरबाट होती है। वही ऐसे हालातों में आपदा की मार झेल रहे आपदा प्रभावित हमेशा अपने दर्द को सहने को विवश होते है। अब इन प्रभावितों ने एक बार राज्य सरकार से गुहार लगाई है कि अब तो हमारी भी सुध ले लो सरकार।

## न्यूज डायरी

### विधायक हरीश धामी ने जताई नाराजगी

**संवाददाता** पिथोरागढ़। सीमांत तहसील धारचूला से कांग्रेस विधायक हरीश धामी ने राज्य सरकार पर अपने सीमांत क्षेत्र बंगापानी के लुम्ती व मौरी गांव में आई भीषण आपदा व आपदा में क्षेत्र के गांवों के ग्प्रमीणों को नुकसान व लोगों के मलबे में दबकर मर जाने व क्षेत्र के आपदा प्रभावितों के लिए अब तक सुध न लिये जाने व पीड़ित लोगों के दर्द का हालचाल न लिये जाने पर खासी नाराजगी व घोर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए अपना दर्द बयां किया है। बता दें कि सोशल मीडिया पर संदेश व पीड़ा का दर्द बयां करने का वीडियो जारी किया है। जिसमें विधायक धामी प्रदेश सरकार से अपील कर रहे है कि उनके क्षेत्र के आपदा प्रभावितों की प्रदेश सरकार आखिरकार कब तक सुध लेगी। वही अब यह मांग एक ओर से क्षेत्र के प्रभावितों के लिए जायज भी बन रही है।

### मुनस्यारी के लोग भड़के

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिला मुख्यालय के निजी क्लीनिक से कोरोना पाजिटिव युवक का सीमांत तहसील मुनस्यारी से गुपचुप तरीके से भागकर जाना और वहां जाकर क्षेत्र के लोगों से जनसंपर्क करने वाले मामले पर सीमांत तहसील मुनस्यारी के लोगों ने जिले के निजी क्लीनिक संचालक पर जिला प्रशासन से कड़ी कारवाही करने व क्षेत्र में फैले इस कोरोना बीमारी पर क्षेत्र के लागों को जो संपर्क में आये,उन्हे आइसोलेंट कराने की मांग की है। अगर कोई ठोस कारवाही नही होती है तो इलाके के लोग प्रदर्शन करने को मजबूर होगे।

### भाजपाइयों ने नगर में बांटे मास्क

**संवाददाता** पुरोला। भाजपा कोविड जागरूकता अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी पुरोला मंडल ईकाई ने शुक्रवार को नगर पंचायत क्षेत्र समेत मुख्य बाजार, कुमोला रोड,मोरी रोड में कोरोना वैश्विक महामारी की रोकथाम को लेकर जागरूकता अभियान चलाया व आते जाते वाहनों की सवारियों, लोगों को मास्क बांट कर सामाजिक दूरी को कोरोना से सावधानी में ही बचाव का संदेश दिया। जागरूकता अभियान में मंडल अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा,पूर्व अध्यक्ष अमींचंद शाह,उपेंद्र असवाल, राजेंद्र गैरोला,चरण शाह,ओमप्रकाश नौडियाल व भाजपाई मौजूद थे।

### एमवे ने 'फिट है तो हिट है' डिजिटल सत्रों का शुभारंभ किया

**संवाददाता** देहरादून। हेल्दी लिविंग को प्रोत्साहित करने और स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने के लिए फिटनेस को सर्वोपरि रखने के साथ देश की अग्रणी डायरेक्ट सेलिंग एफएमसीजी कंपनियों में से एक एमवे इंडिया ने अपनी पहली वर्चुअल फिटनेस सीरीज 'फिट है तो हिट है' लॉन्च की।

## ईद के मौके पर लगाये पौधे फोन पर मिली मुबारकबाद

**संवाददाता**

देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति ने ईद के मुबारक मौके पर समिति के कार्यालय के समीप पथरी बाग रोड पर अमरूद और आखें के पौधे लगा कर ईदु–उल अजहा बकरीद मनाई गई।

राजधानी में मुस्लिम समाज के लोगों ने घर पर ही बकरीद के मौके पर नमाज अदा की और विश्व व प्रदेश में अमन चौन की दुआ मांगी। इस अवसर पर विश्व व प्रदेश से कोरोना वायरस से शीघ्र ही मुक्ति के लिए भी दुआ मांगी गई। यहां मुस्लिम समाज के लोगों ने घर नमाज अदा कर अकीददमन्दों ने सादगी से ईद मनाई और कोरोना वायरस कोविड 19 के चलते आज सभी त्यौहारों का मजा किरकिरा हो गया और आज ईद उल अजहा बकरीद पर भी शासनादेश और कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण के चलते सभी मुस्लिम समाज ने सोशल डिस्टनसिंग का ध्यान रखते हुए ही नमाज अदा कर फोन से ही अपने भाईयों और रिश्तेदारों को मोबाइल पर ही बधाई देंकर बकरीद मनाई गई।



## क्वारंटाइन सेंटरों का बुरा हाल खाने में निकल रहे हैं कॉक्रोचः काला

**संवाददाता**

देहरादून। उतराखण्ड प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के पूर्व संयोजक मोहन कुमार काला ने कहा है कि कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी से लड़ने मे राज्य सरकार पूरी तरह से फेल साबित हो रही हैं और जनता बेहाल है तो वही कोरोना मरीजों और क्वारटांइन सेंटर के भी बुरे हाल है।

उन्होंने कहा कि समय समय पर यह सामने आया की क्वारंटाइन सेंटरों मे रह रहे लोगो को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है तो लोगो को खाने पीने की भी उचित व्यवस्था नही है लोग परेशान है ओर प्रशासन



मौन है।

काला ने बताया की हाल ही में किच्छा वाल्मीकि बस्ती में 72 लोग कोरोना पाँजिटीव पाये गये जिनमें कोरोना योद्धा 14 सफाई कर्मचारी भी शामिल है सब लोगो को प्रशासन द्वारा रूद्रपुर के ही एक होटल ली केसल में क्वारंटाइन कर उपचार दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सेंटर में ना तो खाने की उचित व्यवस्था है ओर ना पानी की तो वही जो खाना सेंटर द्वारा दिया जा रहा है उनमे कीड़े व कॉक्रोच निकल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन से शिकायत करने के बाद भी कोई उचित कार्यवाही नही की जा रही है ओर ना ही व्यवस्था दी जा रही है ऐसी महामारी मे भी अपने परिवार की चिंता ना कर देश की रक्षा के लिए दिन रात कार्य करने वाले कोरोना योद्धा सफाई कर्मचारियों के साथ इस तरह का व्यवहार निंदनीय है।

उन्होंने कहा कि सरकार एक तरह बड़े बडे दावे कर रही हैं तो वही हकीकत क्या है वो किसी से छिपी नही है। काला ने प्रशासन से मांग की है की वो मामले का संज्ञान लें ओर सेंटरों की दशा सुधार कर उचित व्यवस्था किये जाने की आवश्यकता है।

## अवैध वसूली शिकायत पर दो पुलिस कांस्टेबल लाईन हाजिर

**संवाददाता** पुरोला। हिमांचल–उतराखंड सीमा पर आराकोट बैरियर के पास तैनात पुलिस कांस्टेबलों को अबैध वसुली व मारने पीटनें की धमकी की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक उतरकाशी पंकज कुमार भट्ट ने त्वरित कार्यवाही करते हुए लाईन हाजिर कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को त्यूणी निवासी नीरज कुमार नाम व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक उतरकाशी केमेल में दोनों कांस्टेबलों की अबैध वसुली की शिकायत पोस्ट की। शिकायत में कहा गया है कि शुक्रवार देर सांय को वह 10 बजे हिमांचल–त्यूणी आ रहा थे कि आराकोट बैरियर के पास पुलिस कांस्टेबल अनुप कुमार व आशु ने बैरियर के पास रोक कर पैसे की मांग करनें लगे। दोनों शराब के नशे में थे व पैसे न देने पर मारने पीटनें को उतारू हो गये। थानाध्यक्ष केदार सिंह चौहान ने बताया कि त्यूणी निवासी नीरज की शिकायत पर शुक्रवार को ही दोनों कांस्टेबलों को पुलिस कप्तान पंकज भट्ट द्वारा लाईन हाजिर कर शिकायत की जांच शुरू कर दी गई है।